दिन– बुधवार दिनांक– 08 / 01 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. एक देश एक चुनाव से संबंधित दो विधेयकों के लिए गठित संयुक्त संसदीय समिति की पहली बैठक आज नई दिल्ली में होगी।

02. राज्य सरकार ने ह्‌यूमन मेटा न्यूमो वायरस–एचएमपीवी से बचाव के लिये स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित करने और इलाज व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिये।

03. प्रदेश में अत्यधिक ठंड और कुहासे का दौर जारी है। मौसम विभाग ने कहा – अगले चार दिन तक ठंड से राहत के आसार नहीं।

04. और, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से मैट्रिक परीक्षा, दो हजार पच्चीस के एडमिट कार्ड आज जारी किये जायेंगे।

———————————————————————————

एक देश एक चुनाव से संबंधित दो विधेयकों के लिए गठित संयुक्त संसदीय समिति की पहली बैठक आज होगी। ये विधेयक हैं – एक सौ उनतीसवां संविधान संशोधन विधेयक और केंद शासित प्रदेश विधान संशोधन विधेयक, दो हजार चौबीस। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा के दूसरे चरण में आज सारण जिले में विभिन्न योजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे। और ब्योरा हमारे संवाददाता से–

–––रिपोर्ट–––

———————————————————————————

देश के विभिन्न हिस्सों में ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस–एचएमपीवी के मामले मिलने के बाद राज्य सरकार ने परामर्श जारी किया है। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

जारी परामर्श में कहा गया है कि एचएमपीवी वायरस के लक्षण कोविड से मिलते जुलते हैं। एचएमपीवी वायरस के लक्षण वाले मरीजों की आरटीपीसीआर जांच करवाने और ऐसे मामले को आईएचआईपी पोर्टल पर प्रतिदिन प्रतिवेदित करने को कहा गया है। साथ ही इस वायरस से निपटने के लिए सभी स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित करने और इलाज की व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा अस्पतालों में भर्ती सांस संबंधी गंभीर रोगियों के सैंपल नेशनल इन्स्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी, पुणे भेजने को कहा गया है कि केस बढ़ने की स्थिति में सभी स्वास्थ्य संस्थानों में फ्लू कॉर्नर को सक्रिय किया जाए। समाचार कक्ष से मैं निखिल रंजन।

इधर, पटना के जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और डॉक्टरों को सांस की बीमारी, सर्दी–खांसी और बुखार से पीड़ित मरीजों पर विशेष नजर रखने का निर्देश दिया है। उन्होंने ऐसे मरीजों का एचएमपीवी वायरस की जांच कराने का भी निर्देश दिया है। श्री सिंह ने कहा कि इस बीमारी को लेकर घबराने की जरूरत नहीं है, बल्कि सतकर्ता जरूरी है। गौरतलब है कि राज्य में इस वायरस का अभी तक कोई मामला सामने नहीं आया है।

–––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

निर्वाचन आयोग ने बिहार के सभी दो सौ तैंतालीस विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया है। सूची के अनुसार राज्य में मतदाताओं की कुल संख्या सात करोड़ अस्सी लाख बाईस हजार नौ सौ तैंतीस है। पिछली मतदाता सूची की तुलना में इस बार आठ लाख वोटर बढ़े हैं जबकि संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत चार लाख नौ हजार मतदाताओं के नाम हटाए गए गये हैं। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि मतदाताओं के नाम जोड़ने की प्रक्रिया जारी रहेगी। नाम जोड़ने के लिए अहर्ता तिथि एक जनवरी के अलावा एक अप्रैल, एक जुलाई और एक अक्टूबर रखी गयी है। विधानसभा चुनाव के पहले निर्धारित तिथि पर मतदाता सूची में कोई भी व्यक्ति अपना नाम, पता जोड़ने और हटाने के संबंध में ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। मतदाता हेल्प लाइन नम्बर– **एक नौ पांच शून्य** पर इससे जुड़ी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

–––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

बिहार विधान परिषद के विधान सभा कोटे की एक रिक्त सीट के लिए तेईस जनवरी को होने वाले उपचुनाव के लिए जनता दल यूनाईटेड ने ललन प्रसाद को अपना उम्मीदवार बनाया है। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा और भाजपा के

प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने संयुक्त रूप से ललन प्रसाद की उम्मीदवारी की घोषणा की। इस सीट के लिए नामांकन की अंतिम तिथि तेरह जनवरी है। गौरतलब है कि राजद के सुनील कुमार सिंह की सदस्यता समाप्त किए जाने के बाद उपचुनाव हो रहा है।

———————————————————————

प्रदेश में यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर हैंड हेल्ड डिवाईस, एचएचडी से ही चालान काटकर जुर्माना वसूला जाएगा। अपर पुलिस महानिदेशक एडीजी यातायात सुधांशु कुमार ने इस संबंध में निर्देश जारी कर दिये हैं। इसके अनुसार ट्रैफिक व्यवस्था में लगे पुलिसकर्मी अपने मोबाईल कैमरों से तस्वीर लेकर चालान नहीं काट सकेंगे। श्री कुमार ने आईजी, डीआईजी और पुलिस अधीक्षक को भेजे निर्देश में कहा है कि पुलिस अवर निरीक्षक रैंक के नीचे के पुलिसकर्मी चालान काटने के अधिकारी नहीं होंगे।

———————————————————————

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि सरकार सड़क दुर्घटना में घायल प्रत्येक व्यक्ति का अधिकतम डेढ़ लाख रूपए तक कैशलेस इलाज करायेगी। इसके लिए मार्च तक संशोधित योजना लायी जाएगी। राज्यों के परिवहन मंत्रियों के साथ बैठक में उन्होंने कहा कि देशभर में चालक प्रशिक्षण संस्थान स्थापित किए जायेंगे। इसकी स्थापना के लिए प्रोत्साहन राशि उपलब्ध करायी जायेगी। श्री गडकरी ने कहा कि देश में कुशल चालकों की कमी है तथा सरकार और अधिक चालक प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने के लिये वचनबद्ध है।

———————————————————————

प्रदेश में अत्यधिक ठंड और कुहासे का दौर जारी है। इसके चलते आम जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में राज्य में एक चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है। विभाग के अनुसार दस जनवरी से नया परिसंचरण बनने की संभावना है। इस बीच, मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चार दिनों के दौरान ठंड से राहत के आसार नहीं है। इस दौरान तापमान में और गिरावट की संभावना है।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान नौ दशमलव चार डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ छपरा लगातार तीसरे दिन राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। राजधानी पटना का न्यूतम तापमान तेरह दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

———————————————————————————

दृश्यता का स्तर कम होने से सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित हुआ है। विक्रमशिला, श्रमजीवी, पूरबा और ब्रहमपुत्र एक्सप्रेस समेत लंबी दूरी की कई रेलगाड़ियां अपने निर्धारित समय से घंटों विलंब से चल रही हैं। पटना और दरभंगा हवाई अड्डों पर विमानों की आवाजाही भी प्रभवित हुई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान पटना हवाई अड्डे से नई दिल्ली और मुंबई के लिए तीन उड़ाने रद्द रहीं। वहीं, दरभंगा हवाई अड्डे से सभी जगहों के लिए विमानों का परिचालन नहीं हो सका।

———————————————————————————

केंद्र सरकार ने वी. नारायणन को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन—इसरो का नया अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग का सचिव नियुक्त किया है। वे चौदह जनवरी को कार्यभार ग्रहण करेंगे। वे इसरो के मौजूदा अध्यक्ष एस. सोमनाथ का स्थान लेंगे। श्री नारायणन अभी केरल के वलियामाला में इसरो के द्रव प्रणोदन प्रणाली केंद्र—एलपीएससी के निदेशक हैं। वे रॉकेट और अंतरिक्ष यान प्रणोदन विशेषज्ञ हैं।

———————————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से मैट्रिक परीक्षा, दो हजार पच्चीस के एडमिट कार्ड आज जारी किये जायेंगे। यह एडमिट कार्ड आंतरिक मूल्यांकन, प्रायोगिक और सैद्धांतिक परीक्षा के लिए मान्य होगा। परीक्षार्थी समिति की वेबसाईट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। एडमिट कार्ड विद्यालय प्रधान के हस्ताक्षर और मुहर लगने के बाद ही मान्य होंगे। गौरतलब है कि प्रायोगिक परीक्षा इक्कीस से तेईस जनवरी तक होगी, जबकि सैद्धांतिक परीक्षा सत्रह से पच्चीस फरवरी तक आयोजित की जाएगी। समिति के अनुसार इस परीक्षा में सोलह लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे।

———————————————————————————

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि राज्य सरकार ने सत्रह प्रतिशत हरियाली के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है। श्री कुमार ने पटना में जल—जीवन हरियाली मिशन के तहत आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि सरकार अब राष्ट्रीय औसत तैंतीस

प्रतिशत हरित्र क्षेत्र का लक्ष्य निर्धारित करेगी। उन्होंने कहा कि दो हजार नौ में प्रदेश में हरित क्षेत्र लगभग नौ फीसदी थी, जो अब बढ़कर सत्रह फीसदी हो गयी है।

———————————————————————————————

बोधगया स्थित महाबोधि मंदिर में आज विश्व शांति के लिए क्रोडिकाली शोक आफरिंग पूजा के तहत एक लाख मंत्रोच्चार किये जायेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि यह विशेष पूजा, भूटान की ओर से आयोजित की जा रही है।

———रिपोर्ट———

विश्व शांति के लिए ज्ञान की स्थली महाबोधि मंदिर में आज क्रोडिकाली शोक आफरिंग पूजा का नेतृत्व ख्याबजे रिनपोचे कर रहे हैं। भूटान के श्रद्धालुओं द्वारा कल से इस पूजा की शुरूआत हुई। पूजा में शामिल लामा और श्रद्धालु अपने हाथों से विशेष डमरू बजाते हुए मंत्रोच्चार कर रहे हैं। इससे मंदिर परिसर में एक अलग ही नजारा दिख रहा है। तीन दिनों तक चलने वाली इस पूजा में शामिल होने के लिए भूटान और तराई क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए गया से धर्मवीर भारती।

———————————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को अपनी सुर्खी बनाई है।

**हिन्दुस्तान** ने सीवान यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बयान को सुर्खी बनाते हुए लिखा है – बिहार में दो हजार पांच से पहले जैसा नहीं रहा भय का माहौल।

**दैनिक जागरण** लिखता है – बीपीएससी मामले में सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इंकार।

**दैनिक भास्कर** ने राजद के पूर्व एमएलसी सुनील सिंह की बर्खास्तगी से जुड़ी खबर को तरजीह देते हुए लिखा है – सुप्रीम कोर्ट की सलाह, सदन में असहमति की भाषा हर हाल में मर्यादित होनी चाहिए।

**प्रभात खबर** लिखता है – पटना सहित मध्य बिहार में कोल्ड–डे, दस जनवरी तक घना कोहरा, कड़ाके की ठंड।

**राष्ट्रीय सहारा** लिखता है – ग्यारह घंटे में तीन बार भूकंप के झटके।

———————————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. एक देश एक चुनाव से संबंधित दो विधेयकों के लिए गठित संयुक्त संसदीय समिति की पहली बैठक आज नई दिल्ली में होगी।

02. राज्य सरकार ने ह्यूमन मेटा न्यूमो वायरस–एचएमपीवी से बचाव के लिये स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित करने और इलाज व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिये।

03. प्रदेश में अत्यधिक ठंड और कुहासे का दौर जारी है। मौसम विभाग ने कहा – अगले चार दिन तक ठंड से राहत के आसार नहीं।

04. और, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से मैट्रिक परीक्षा, दो हजार पच्चीस के एडमिट कार्ड आज जारी किये जायेंगे।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।